# Gujarat Board Textbook Solutions Class 8 Hindi Chapter 3 अंतरिक्ष परी सुनीता विलियम्स

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**प्रश्न 1. सुनीता ने अंतरिक्ष में कितने प्रकार के रिकॉर्ड बनाए?**

उत्तर :

सुनीता ने अप्रैल, 2007 में अंतरिक्ष के बोस्टन मैराथन में भाग लिया था। इसमें 4 घंटे 24 मिनट में 42 किमी का सफर तय करके वह प्रथम स्थान पर रही थी। सुनीता से पहले शैनोन ल्यूसिक नामक अंतरिक्षयात्री 188 दिन और 4 घंटे अंतरिक्ष में रहा था। सुनीता ने अंतरिक्ष में उससे 6 दिन 14 घंटे अधिक समय तक रहकर ल्यूसिक का रिकॉर्ड तोड़ा। इसी प्रकार 29 घंटे 17 मिनट तक स्पेसवॉक करके उसने एक नया रिकॉर्ड बनाया। इस तरह सुनीता ने अंतरिक्ष में अनेक प्रकार के रिकॉर्ड बनाए।

**प्रश्न 2. सुनीता विलियम्स के लिए हमें किस बात का गर्व है?**

उत्तर :

सुनीता भारतीय नागरिक नहीं है, परंतु उसका मूल गुजरात से जुड़ा है। उनके पिता दीपकभाई पंड्या जन्म से गुजराती हैं। उन्होंने अपना आधा जीवन गुजरात में बिताया था। यहाँ वे एक सफल डॉक्टर के रूप में रहे। 1960 में वे हमेशा के लिए अमरीका चले गए। वहाँ उन्होंने युगोस्लाविया की उर्सबाईन बोनी नामक युवती से शादी की। उनकी तीन संतानों में सुनीता सबसे छोटी है। इस प्रकार गुजराती मूल होने के कारण सुनीता भारतीय है। इस तरह सुनीता के भारतीय होने पर हमें गर्व है।

**प्रश्न 3. सुनीता ने अपने सपने कैसे साकार किए? ।**

उत्तर :

अंतरिक्ष में जाने की सुनीता की तीव्र इच्छा थी। इसलिए पायलट बनने के बाद वे नासा जाने में सफल हुईं। वहाँ उन्हें कड़ा प्रशिक्षण दिया गया। अंतरिक्ष कार्यक्रम तथा अंतरिक्ष यान आदि के बारे में जानकारी पाने के लिए उन्हें रूस में रहना पड़ा। पूरी तैयारी के लिए वे नौ दिन पानी में भी रहीं। उनका पूरा प्रशिक्षण आठ साल में खत्म हुआ। इसके बाद वे डिस्कवरी मिशन में शामिल हुईं और 10 दिसंबर, 2007 को अटलांटिस अंतरिक्ष यान से स्पेस स्टेशन पहुंचीं। इस प्रकार सुनीता ने अपने सपने साकार किए।

**प्रश्न 4. महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर सकती हैं। इसके बारे में आपका क्या मत है?**

उत्तर :

बुद्धि, प्रतिभा और योग्यता पर केवल पुरुषों का ही अधिकार नहीं है। महिलाएँ भी प्रत्येक क्षेत्र में अपना नाम उजागर कर सकती हैं। आज वे ऊँचे-सेऊँचे पदों पर आसीन हैं। श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने भारत के

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

राष्ट्रपति पद का गौरव बढ़ाया है। इसके पहले श्रीमती इंदिरा गाँधी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नाम कमा चुकी हैं। संगीत के क्षेत्र में लता मंगेशकर और आशा भोंसले आज भी सारे विश्व में लोकप्रिय हैं। मेरा मत है कि पुरुषों की तरह महिलाएँ भी प्रत्येक क्षेत्र में भारत का नाम रोशन कर सकती हैं।

**प्रश्न 5. आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं? क्यों?**

उत्तर :

मैं बड़ा होकर डॉक्टर बनना चाहता हूँ।

आज हमारे देश में बीमारियाँ बढ़ रही हैं और योग्य डॉक्टरों की कमी हैं। जो डॉक्टर योग्य हैं, उनकी फीस सुनकर बीमारी और बढ़ जाती है। गाँवों के गरीब मरीजों को अपने मकान और जमीन बेचकर शहर के अस्पताल में अपना इलाज कराना पड़ता है। मैं एक कुशल और योग्य डॉक्टर बनकर उचित फीस में ऐसे मरीजों का इलाज करना चाहता हूँ। डॉक्टर के पेशे में कमाई के साथ लोगों की सेवा का अवसर भी मिलता है। इसीलिए मैं डॉक्टर बनना चाहता हूँ।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में दीजिए :**

**प्रश्न 1. हमें नारी का सम्मान क्यों करना चाहिए?**

उत्तर :

आज महिलाएँ हरेक क्षेत्र में आगे हैं। उनमें ऊँचे-ऊँचे पदों पर आसीन होने की योग्यता है, इसलिए हमें नारी का सम्मान करना चाहिए।

**प्रश्न 2. सुनीता पंड्या सुनीता विलियम्स कैसे बनीं?**

उत्तर :

माइकल विलियम्स सुनीता पंड्या के खास मित्र और सहपाठी थे। सुनीता उनसे शादी करने के कारण सुनीता पंड्या से सुनीता विलियम्स बनीं।

**प्रश्न 3. कल्पना चावला हमारी कल्पना बनकर कैसे रह गईं?**

उत्तर :

कल्पना चावला अंतरिक्ष अभियान पूरा करने के बाद लौटते समय एक दुर्घटना में चल बसीं। इस तरह वे हमारी कल्पना बनकर रह गईं।

**प्रश्न 4. अंतरिक्षयात्रा में किस प्रकार की मुश्किलें आती हैं?**

उत्तर :

अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन में रहना आसान नहीं है। वहाँ खाने से लेकर नहाने तक की सभी क्रियाओं में मुश्किलें हैं।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 5. सुनीता को 'पूरे विश्व की बेटी' क्यों कहा गया है?**

उत्तर :

पृथ्वी भले अनेक देशों में बँटी हो, लेकिन अंतरिक्ष सारे विश्व का है। इसलिए अंतरिक्षयात्री सुनीता को 'पूरे विश्व की बेटी' कहा गया है।

**प्रश्न 6. अंतरिक्ष से लौटने पर यात्री क्या अनुभव करता है?**

उत्तर :

अंतरिक्ष से वापस लौटने पर यात्री को चलने-फिरने में दिक्कत होती है। उसकी हड्डियाँ कमजोर हो जाती हैं और मानसिक रूप से स्वस्थ होने में उसको समय लगता है।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए :**

**प्रश्न 1. सुनीता कितना समय अंतरिक्ष में रहकर लौटीं?**

उत्तर :

सुनीता 194 दिन 18 घंटे और 58 मिनट अंतरिक्ष में रहकर लौटीं।

**प्रश्न 2. अहमदाबाद हवाई अड्डे पर उत्तेजना क्यों थी?**

उत्तर :

अहमदाबाद हवाई अड्डे पर उत्तेजना थी, क्योंकि अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स हवाई जहाज से वहाँ पहुँची थीं।

**प्रश्न 3. अंतरिक्ष परी सुनीता विलियम्स के अलावा हमारे देश के अंतरिक्षयात्री कौन-कौन हैं?**

उत्तर :

अंतरिक्ष परी सुनीता विलियम्स के अलावा हमारे देश के अंतरिक्षयात्री हैं – राकेश शर्मा और कल्पना चावला।

**प्रश्न 4. सुनीता विलियम्स का जन्म कब और कहाँ हुआ था?**

उत्तर :

सुनीता विलियम्स का जन्म 19 दिसंबर, 1965 को अमरीका के ओहयो नगर में हुआ था।

**प्रश्न 5. सुनीता बचपन से किन-किन खेलों में भाग लेती थी?**

उत्तर :

सुनीता बचपन से दौड़, तैराकी, घुड़दौड़, बाइकिंग, स्नोबोर्डिंग और धनुर्विद्या जैसे साहसभरे खेलों में भाग लेती थी।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 6. सुनीता नासा में क्यों गईं?**

उत्तर :

सुनीता नासा में गईं, क्योंकि अंतरिक्ष में जाने की उनकी इच्छा वहाँ प्रशिक्षण लेने पर ही पूरी हो सकती थी।

**प्रश्न 7. कल्पना चावला कौन थीं?**

उत्तर :

कल्पना चावला भारतीयमूल की पहली महिला अंतरिक्षयात्री थीं।

**प्रश्न 8. सुनीता का गोताखोरी का अनुभव कहाँ काम आया?**

उत्तर :

सुनीता का गोताखोरी का अनुभव स्पेसवॉक के प्रशिक्षण में काम आया।

**प्रश्न 9. सुनीता कब और किस यान से स्पेस स्टेशन पहुंची?**

उत्तर :

सुनीता 10 दिसंबर, 2007 को ‘अटलांटिस’ नामक अंतरिक्ष यान से स्पेस स्टेशन पहुंची।

**प्रश्न 10. भारतीय नारियों को सुनीता से क्या सीख मिलती है?**

उत्तर :

भारतीय नारियों को सुनीता से यह सीख मिलती है कि उच्च स्थानों पर पहुँचने के लिए उन्हें सुनीता की तरह साहसी और महत्त्वाकांक्षी बनना चाहिए।

**सही वाक्यांश चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए :**

**(1) सुनीता में साहसिक वृत्तियाँ उभर सकीं, क्योंकि ................**

(अ) उनके पिता दीपकभाई पंड्या न्यूरोसर्जन थे।

(ब) उनकी माँ भी एक साहसी महिला थी।

(क) उनका पालन-पोषण अमरीका के मुक्त वातावरण में हुआ था।

उत्तर :

सुनीता में साहसिक वृत्तियाँ उभर सकीं, क्योंकि उनका पालन-पोषण अमरीका के मुक्त वातावरण में हुआ था।

**(2) सुनीता शिक्षक की चहेती थी, क्योंकि ................**

(अ) वह पढ़ाई के साथ साहसभरे खेलों में भी भाग लेती थी।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ब) उसके डॉक्टर पिता ने शिक्षक का उपचार किया था।

(क) वह उसकी बेटी की प्यारी सहेली थी।

उत्तर :

सुनीता शिक्षक की चहेती थी, क्योंकि <u>वह पढ़ाई के साथ साहसभरे खेलों में भी भाग लेती थी</u>।

**(3) कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स की रुचियाँ अलग थीं, लेकिन ................**

(अ) दोनों अमरीका में रहना पसंद करती थीं।

(ब) भारतीय होना उन्हें एक सूत्र में पिरोता था।

(क) कपड़ों के बारे में उनकी पसंद एक-सी थी।

उत्तर :

कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स की रुचियाँ अलग थीं, लेकिन <u>भारतीय होना उन्हें एक सूत्र में पिरोता था</u>।

**कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(उर्सबाईन, अटलांटिस, कालमाउथ, अंतरिक्षयात्री, मेहसाना, भारतीय)

उत्तर :

(1) राकेश शर्मा प्रथम भारतीय **<u>अंतरिक्षयात्री</u>** हैं।

(2) सुनीता का **<u>भारतीय</u>** होना हमारे लिए गर्व की बात है।

(3) झुलासन गाँव गुजरात के **<u>मेहसाना</u>** जिले में है।

(4) दीपकभाई पंड्या मैसाचुसेट्स के **<u>कालमाउथ</u>** में प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन थे।

(5) सुनीता की माता का नाम **<u>उर्सबाईन</u>** था।

(6) स्पेसशटल **<u>अटलांटिस</u>** में सुनीता समेत सात अंतरिक्षयात्री थे।

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :**

**(1) नील आर्मस्ट्रोंग ................ का अंतरिक्षयात्री था।**

A. अमरीका

B. रशिया

C. इंग्लैंड

D. फ्रांस

उत्तर :

A. अमरीका

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(2) करनाल शहर किस प्रांत में है?**

A. पंजाब में

B. उत्तर प्रदेश में

C. हरियाणा में

D. राजस्थान में

उत्तर :

C. हरियाणा में

**(3) सुनीता विलियम्स के पिता .................. थे।**

A. इंजीनियर

B. डॉक्टर

C. प्रोफेसर

D. व्यापारी

उत्तर :

B. डॉक्टर

**(4) सुनीता और कल्पना चावला दोनों को किससे बेहद लगाव था?**

A. भारतीय फिल्मों से

B. भारतीय नृत्यों से

C. भारतीय भोजन से

D. भारतीय संगीत से

उत्तर :

D. भारतीय संगीत से

**(5) अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष अड्डा पृथ्वी से कितनी दूरी पर स्थित है?**

A. 360 किमी

B. 260 किमी

C. 405 किमी

D. 160 किमी

उत्तर :

A. 360 किमी

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**"कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय और प्रतिभा के बल पर व्यक्ति अपनी मंजिल पा सकता है।" चर्चा कीजिए।**

(शिशिर, शशांक और सोनम चर्चा करते हुए)

**शिशिर** : सोनम, तुम्हारे भाई दीपू ने तो सचमुच कमाल कर दिया। कल मैच में उसने दोहरा शतक बनाया। उसे खेलते देखना कितना अच्छा लग रहा था।

**सोनम** : उसे बचपन से ही क्रिकेट का बेहद शौक है। छोटा था तो घर के आँगन में माँ गेंदबाजी करती थी और दीपू भैया बल्लेबाजी करता था। स्कूल और कॉलेज में भी क्रिकेट ही उसका मुख्य शौक रहा।

**शशांक** : हाँ, अब उसका अभ्यास सचमुच रंग लाया है।

**सोनम** : राष्ट्रीय टीम के लिए भी उसे चुन लिया गया है।

**शशांक** : क्रिकेट ही नहीं, किसी भी क्षेत्र में सच्ची लगन से किया गया परिश्रम एक दिन अवश्य सफल होता है। बड़े-बड़े वैज्ञानिक, लेखक, संगीतकार, नेता, अभिनेता सब कड़ी मेहनत करके ही आगे आए हैं।

**शिशिर** : लेकिन भाग्य का भी तो साथ होना चाहिए।

**सोनम** : मैं तो मानती हूँ कि कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय और प्रतिभा से ही भाग्य बनता है। जिसके पास ये तीनों हैं, वही भाग्यवान हैं और वही सफलता प्राप्त करता है।

**निम्नलिखित पात्रों का परिचय दीजिए :**

**(1) इंदिरा गाँधी** : ये स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुत्री थीं। इनकी माता का नाम कमलादेवी था। इंदिराजी का जन्म 19 नवबंर, 1917 को इलाहाबाद में हुआ था। इनकी शिक्षा इलाहाबाद और शांतिनिकेतन में हुई।

सन् 1942 में इनका विवाह फिरोज गाँधी से हुआ। ये लगभग 17 वर्ष तक भारत की प्रधानमंत्री रहीं। इनके समय में भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरा। 31 अक्तूबर, 1984 को इनके दो रक्षकों ने ही इनकी हत्या कर दी। इनकी मृत्यु के बाद इनके बड़े पुत्र राजीव गाँधी भारत के प्रधानमंत्री बने।

**(2) सानिया मिर्जा** : सानिया मिर्जा भारत की प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी हैं। इनका जन्म 15 नवंबर, 1989 को मुंबई में हुआ था। ये हैदराबाद की रहनेवाली हैं। इन्होंने 6 वर्ष की उम्र से ही टेनिस खेलना शुरू कर दिया था। कोच सी. जी. के. भूपति ने इन्हें टेनिस का प्रशिक्षण दिया।

सन् 2005 में ये अमेरिकन ओपन के ग्रांड स्लेम के चौथे राउंड तक पहुँचने में सफल रहीं। इन्होंने दुबई और हैदराबाद की कई चैम्पियनशिप जीतीं। भारत सरकार ने इन्हें 'अर्जुन पुरस्कार' देकर सम्मानित किया है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(3) किरण बेदी** : किरण बेदी का जन्म 9 जून, 1949 में अमृतसर में मध्यमवर्ग के एक प्रगतिशील परिवार में हुआ। बचपन से ही उन्हें टेनिस के प्रति लगाव था। टेनिस की राष्ट्रीय स्पर्धाओं में उन्होंने अच्छा नाम कमाया।

सन् 1972 में उन्होंने IPS परीक्षा पास की। उच्चकोटि की पुलिस अफसर बननेवाली वे पहली भारतीय महिला हैं। दिल्ली की तिहाड़ जेल के 'जेल अधीक्षक' के पद पर रहकर उन्होंने काफी सुधारकार्य किए। अपने साहस, कर्तव्यनिष्ठा और कार्यकुशलता के लिए उन्हें कई पुरस्कार और मेडल मिले है।

**(4) मल्लिका साराभाई** : मल्लिका साराभाई भारत की प्रसिद्ध नृत्यांगना हैं। इनकी माता मृणालिनी भी उच्चकोटि की नर्तकी थीं। मल्लिका के पिता विक्रम साराभाई प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक थे।

मल्लिका का जन्म 1 मई, 1954 को अहमदाबाद में हुआ था। ये कुचिपुड़ी नृत्य और भरतनाट्यम में पारंगत हैं। ये समाजसुधार की प्रवृत्तियों में भी रुचि लेती हैं।

**(5) कल्पना चावला**. : भारत की प्रथम महिला अंतरिक्षयात्री कल्पना चावला का जन्म 1961 में करनाल शहर में हुआ था। दूर आकाश में उड़ान भरना उनके जीवन का स्वप्न था। उन्होंने दो बार अंतरिक्षयात्रा की। पहली बार 19 नवंबर, 1997 को और दूसरी बार 16 जनवरी, 2003 को।

दूसरी बार की सफल यात्रा के बाद 1 फरवरी, 2003 को उनका अंतरिक्ष यान पृथ्वी की ओर लौट रहा था। दुर्भाग्य से पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करते ही यान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और कल्पना चावला अपने 6 साथियों के साथ चल बसीं।

**(6) पी. टी. उषा** : 'उड़नपरी' और 'स्वर्णबाला' के नामों से प्रसिद्ध पी. टी. उषा भारत की महान धाविका हैं। इनका जन्म 27 जून, 1964 को कोझिकोड़ा में हुआ था। कोच माम्बियार ने इनकी प्रतिभा को पहचाना और इन्हें प्रशिक्षण दिया।

विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में इन्होंने अनेक स्वर्ण और रजत पुरस्कार जीते। सन् 1986 के एशियन खेलों में इन्होंने 4 स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।

**प्रश्न 9. चित्र के आधार पर काव्य लिखिए :**

उत्तर :

कितना सुंदर प्यारा फूल,
देखो, रहा हवा में झूल।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

मधुर मधुर इसकी मुस्कान,
यह तो है बाग की शान।

**प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों का लिंग-परिवर्तन कीजिए :**

(1) साधु

(2) कुतिया

(3) युवक

(4) पुत्र

(5) पड़ोसिन

(6) बाघ

(7) ठाकुर

(8) संन्यासी

(9) सम्राट

(10) वर

उत्तर :

(1) साध्वी

(2) कुत्ता

(3) युवती

(4) पुत्री

(5) पड़ोसी

(6) बाघिन

(7) ठकुराइन

(8) संन्यासिनी

(9) सम्राज्ञी

(10) वधू

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in